Dainik Jagran (07.04.2016)

वाईएमसीए में कार्यशाला आयोजित

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की ओर से गुरुत्वाकर्षण तरंगों के क्षेत्र में नई खोज और उपग्रह संचार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का पहला सत्र गुरुत्वाकर्षण तरंगों पर परिचय पर केंद्रित रहा।

विज्ञान संचार प्रशिक्षण, प्रसार विज्ञान के डिवीजन प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. टीवी वेंकटेशवरन मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित थे। दूसरा सत्र ऑरगेनिक एलईडी और उपग्रह संचार पर केंद्रित रहा, जिसे विज्ञान प्रसार के वैज्ञानिक डॉ. कपिल कुमार त्रिपाठी तथा डॉ. इरफान बेगम ने संबोधित किया। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के चेयरमैन डॉ. मुनीष वशिष्ठ ने कहा कि गुरुत्वाकर्षण तरंगों की खोज सदी की सबसे बड़ी खोज में से एक है। इस तरह की खोज विद्यार्थियों एवं अनुसंधानकर्ताओं की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रुचि पैदा करती है। इससे अनुसंधान एवं खोज के लिए नए रास्ते भी खुलते है। कार्यशाला का संचालन रश्मि चावला तथा डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यशाला के विषय को महत्वपूर्ण बताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा इस प्रकार की कार्यशालाएं नए अनुसंधान कार्यों के लिए अवसर सृजित करती है।

Dainik Jagran (07.04.2016)

प्रणाम

ग्रीवेंस कमेटी की बैठक

◆ जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति (ग्रीवेंस कमेटी) की बैठक में परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार सुनेंगे शिकायतें, हुडा कन्वेंशन हॉल, सेक्टर-12, सुबह 11 बजे से

स्वागत समारोह

◆ नवनिर्वाचित जिला परिषद चेयरमैन विनोद भाटी का स्वागत समारोह, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर होंगे मुख्य अतिथि, विक्रांत वाटिका नजदीक खेड़ीपुल, सुबह 10 बजे

कबड्डी टूर्नामेंट

◆ भारत-पाकिस्तान के बीच हरियाणा स्टाइल कबड्डी टूर्नामेंट, राजा जैत सिंह स्टेडियम, गांव नीमका, दोपहर 3 बजे से

सांस्कृतिक उत्सव

◆ राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव आयोजन समिति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-14, शाम 6 बजे

करियर फेयर

◆ वाइएमसीए यूनिवर्सिटी में करियर फेयर, सुबह 9 बजे से

Dainik Bhaskar (07.04.2016)

मेरे शहर में आज

• जागरुकता प्रोग्राम

स्थान : ओल्ड फरीदाबाद स्थित सरकारी स्कूल

समय : सुबह 8:00 बजे

• अभिनंदन कार्यक्रम

स्थान : खेड़ीकलां स्थित विक्रांत वाटिका

समय : सुबह 10:00 बजे

• राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

स्थान : एनएच-3 स्थित डीएवी शताब्दी कालेज

समय : सुबह 10:00 बजे।

• करियर मेला

स्थान : सेक्टर-6 स्थित वाईएमसीए कालेज

समय : सुबह 11:00 बजे।

• ग्रीवांस कमेटी की बैठक

स्थान : सेक्टर-12 स्थित हुडा कन्वेंशन सेंटर

समय : सूबह 11:00 बजे।

Amar Ujala (07.04.2016)

आज खास

- सेक्टर-12 स्थित हुडा कन्वेंशन सेंटर में जिला लोकसंपर्क परिवाद समिति की बैठक सुबह 11:00 बजे से
- खेड़कलां स्थित विक्रांत वाटिका में अभिनंदन कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से
- वाईएमसीए विश्वविद्यायल में करियर काउंसलिंग सुबह 9:00 बजे से

Hindustan Hindi (07.04.2016)

शहर में आज

- **सुबह 06:00 बजे:** प्याली चौक स्थित पार्क में योग शिविर
- **सुबह 09:00 बजे:** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में करियर मेला
- **सुबह 09:00 बजे:** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ओल्ड फरीदाबाद के सरकारी स्कूल में जागरूक रैली
- **सुबह10:00 बजे:** डीएवी कॉलेज में राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
- **सुबह11:00 बजे:** एनएच-3 स्थित डीएवी शताब्दी कॉलेज में कॉमर्स विभाग की ओर से कॉमर्स एंड मैनेजमेंट फेस्ट

सुबह11:00 बजे: गांव खेडी कला स्थित विक्रांत वाटिका में नवनियुक्त जिला परिषद के चेयरमैन कर स्वागत समारोह

Hindustan Hindi (07.04.2016)

वाईएमसीए में करियर मेला आज

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को करियर एवं परामर्श प्रकोष्ठ की ओर से करियर मेले का आयोजन होगा। इसके तहत संस्थान के विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में करियर संबंधी सलाह दी जाएगी।